सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल
डी ब्लॉक, प्रशांत विहार
SAMPLE PAPER 2023-24
विषय– हिंदी
कक्षा- 4

नाम: ___________________ **रोल नo: ______**

समय: 1.5 घंटे **अंक: 40**

<u>निर्देश</u> - सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 3

एक बार एक किसान का बैल गहरे गड्ढे में गिर गया। वह ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा। किसान उसे बाहर निकलने का उपाए सोचने लगा। अंत में उसने निर्णय लिया की बैल काफी बूढ़ा हो चूका है, इस लिए उसे गड्ढे में ही दफना देना चाहिए। किसान ने अपने सभी पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। सभी मिलकर गड्ढे में मिट्टी डालने लगे। जैसे ही बैल को सब समझ में आया, वह और जोर जोर से चिल्लाने लगा और फिर अचानक शांत हो गया।

सब लोग चुपचाप गड्ढे में मिट्टी डालते जा रहे थे। तभी किसान ने नीचे झाँककर देखा तो वह चकित रह गया। अपनी पीठ पर पड़ने वाली मिट्टी को वह बूढ़ा बैल हिला हिलाकर नीचे गिरा देता था और उस मिट्टी पर चढ़ जाता था। जल्दी ही वह गड्ढे के किनारे तक पहुँच गया और फिर अपनी हिम्मत और सूझबूझ के बल पर बाहर आने में सफल हो गया।

क) किसान का बैल कहा गिर गया?

ख) बैल का चिल्लाना सुन कर किसान से क्या निर्णय लिया?

ग) किसान के पड़ोसियों ने उसकी मदद किस प्रकार की?

(व्याकरण)

प्र.2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:- 10X1=10

क) सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए: -

i) तालाब ii) तलबा iii) तालब iv) तलाबा

ख) सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए: -

i) हिँदू ii) हिन्दू iii) हीनदू iv) हिंदु

ग) जो शिकार करता हो:-

i) धोखेबाज़ ii) चालबाज़ iii) रंगबाज़ iv) शिकारी

घ) गाँव में रहने वाला:-

i)	विदेशी	ii)	नागरिक	iii)	ग्रामीण	iv)	स्वदेशी

ङ) पानी का सही पर्यायवाची शब्द बताइए: -

i)	नीर	ii)	प्रभु	iii)	रंग	iv)	पुष्प

च) समीप का सही पर्यायवाची शब्द बताइए: -

i)	आगे	ii)	निकट	iii)	पीछे	iv)	साथ

छ) सिया सुन्दर लड़की है। इस वाक्य में विशेषण बताइए: -

i)	सिया	ii)	लड़की	iii)	सुन्दर	iv)	है

ज) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताए, उसे __________ कहते हैं।: -

i)	संज्ञा	ii)	क्रिया	iii)	काल	iv)	विशेषण

झ) बच्चे खेल रहे हैं | इस वाक्य में कौन सा काल है?

i)	भूतकाल	ii)	वर्तमानकाल	iii)	भविष्यकाल	iv)	अंतकाल

ञ) आज मैं हॉकी ________| वर्तमान काल से वाक्य पूरा कीजिए:-

i)	खेल रहा हूँ	ii)	खेलेंगे	iii)	खेलूँगा	iv)	खेल रहा था

(साहित्य)

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - **2X4=8**

क) युवक स्टेशन पर किसे ढूँढ रहा था? युवक के हाथ में क्या सामान था?

ख) मुल्ला नसीरुद्दीन किसके साथ थे? वह कहाँ रुके थे?

ग) धोती- कुरता पहने सज्जन कौन थे?

घ) भूरी मुरगी ने कितने अंडे दिए थे?

प्र.4 निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए: - **2x2=4**

क) सम्मान

ख) क्षमा

ग) जिज्ञासा

प्र.5 रिक्त स्थान भरिए: - **4**

क) मज़दूरों ने नेपोलियन को _________ दिया।

ख) चूज़ों और बच्चों को देखकर उनके चेहरे पर ________ आ गई।

ग) आस- पास कोई ___________ न देखकर युवक को क्रोध आ रहा था।

घ) गाँव वाले मुल्ला नसीरुद्दीन से ___________ के बारे में जानना चाहते थे।

प्र.6 किसने कहा? किसससे कहा? **3**

क) जब आप धर्म के बारे में कुछ भी नहीं जानते, तो मैं भला आपको क्या समझाऊ?

ख) जानते नहीं मैं कौन हूँ।

ग) हमने इतना अच्छा जन्मदिन तो कभी नहीं मनाया।

(लेखन)

प्र.7 जयपुर में अपने मौसेरे भाई के विवाह पर जाने के लिए प्रधानाचार्य जी को अवकाश के लिए पत्र लिखिए| 4

प्र.8 नीचे दिए गए शब्दों के द्वारा कहानी को पूरा कीजिए: - **4**

परछाई,	हाथ,	लालच,	एकांत,	झाँका,
तलाश,	दूसरे,	पुल,	टुकड़ा	

एक कुत्ता कई दिनों से भूखा था । वह खाने की 1. __________में इधर-उधर भटकने लगा । उसे कहीं

से रोटी का एक 2. _________मिल गया। वह उसे 3. ___________में जाकर खाने की सोचने लगा । कुत्ता

रोटी के टुकड़े को मुँह में दबाकर एक 4. ___________से गुज़र रहा था । उसने नदी के पानी

5.___________। पानी में उसे अपनी 6. _________दिखाई दी |

उसने 7. ________कुत्ते के मुँह की रोटी झपटनी चाही । इसके लिए उसने अपना मुँह खोला ही था कि उसकी

अपनी रोटी पानी में गिर गई । 8. _________के कारण वह अपनी चीज़ से भी हाथ धो बैठा ।